an>

title: Need to commence new trains on Q-track between Indore and Ajmer.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे लोक महत्व के अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र मंदसौर, नीमच, जावरा से रतलाम की ओर जाने वाले रेल मार्ग पर क्यू ट्रैक का निर्माण हुआ है। क्यू ट्रैक के निर्माण के पश्चात इसमें सभी औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं। यह क्यू ट्रैक इंदौर से अजमेर के बीच रेल परिचालन हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेलवे बोर्ड की अनुमति के साथ ही इस ट्रैक पर इंदौर से जावरा, मंदसौर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर तथा उदयपुर तक यात्री गाड़ियों का संचालन प्रारम्भ होना है।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से आग्रह है कि तत्काल रेलवे बोर्ड के माध्यम से इस क्यू ट्रैक पर यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रारम्भ किये जाने हेतु अनुमति जारी करें, ताकि मध्य प्रदेश और राजस्थान के यात्रियों को यात्री गाड़ियों की सुविधाएं प्राप्त हो सकें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सुधीर गुप्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।